तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 20 अप्रैल 2026

[ खरसिया। सारंगढ़। घरघोड़ा। धरमजयगढ़। पुसौर। बरमकेला। लैलूंगा। तमनार ]

4 जनसमस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर



## खबर संक्षेप

### आरक्षक पर मारपीट और धमकी का आरोप

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम कुरमापाली में एक पुलिस आरक्षक पर गंभीर आरोप लगे हैं। गांव के ही निवासी बद्रिका साहू ने शिकायत करते हुए कहा कि 13 अप्रैल की रात जब वह अपने घर के बाहर था, उसी दौरान पुसौर थाने में पदस्थ आरक्षक डोलनारायण साहू कुछ लोगों के साथ वहां पहुंचा और अचानक विवाद की स्थिति बन गई। शिकायत के मुताबिक, बिना किसी स्पष्ट वजह के आरक्षक ने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर डंडे से मारपीट की, जिससे बद्रिका साहू को चोटें आईं। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी और बेटी के साथ भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि आरक्षक ने अपने प्रभाव और पारिवारिक राजनीतिक संबंधों का हवाला देते हुए धमकी दी।

### पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**रायगढ़।** रैरूमाखुर्द पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम राजकोट अमलझरिया में पति ने क्षणिक आवेश में आ कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पत्नीहंता को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसारए 17 अप्रैल को गणेश कोरवा 30 वर्ष अपनी पत्नी सुकांति कोरवा 28 वर्ष के साथ महुआ बीनने अमलझरिया गया था। देर शाम तक दोनों घर नहीं लौटेए जिससे परिजनों को चिंता हुई। अगले दिन सुबह गणेश अकेले घर पहुंचा और अलग.अलग बातें बताकर घटना को छुपाने की कोशिश करता रहा। उसकी बातों से शक होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिसने बाद पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि घटना के वक्त सुकांति नशे की हालत में रास्ते में बैठी थी। उसे उठाने के प्रयास में असफल रहने पर गणेश गुस्से में आ गया और पास पड़ी बांस की लकड़ी से उसके सिर पर जोरदार वार कर दियाए जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ने सच्चाई छुपाने का प्रयास कियाए लेकिन पुलिस की सघन पूछताछ में पूरा मामला सामने आ गया। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और वारदात में प्रयुक्त लकड़ी भी जब्त कर ली। मामले में धारा 103,1 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत केस दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### गैर अवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ

रायगढ़। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन 10वीं, इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन 10वीं, जल वितरण संचालक नल जल मित्र 12वीं, सोलर पीव्ही इन्टालर, सूर्यमित्र आईटीआई डिप्लोमा एवं फ्रंटलाईन हेल्थ केयरगिविंग एसोसिएट नर्सिंग 12वीं कोर्स में निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। जिसमें वर्ष 2026-27 के प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लिया जा रहा है।

### पीड़ित परिवार के घर चेक लेकर पहुंच रहे प्रबंधन के अधिकारी

# वेदांता हादसा : मृतकों के परिजनों को 35-35 लाख मुआवजा भुगतान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में बायलर हादसे में मृतकों के परिजनों को प्रबंधन द्वारा की गई घोषणा के अनुरुप 35-35 लाख का मुआवजा भुगतान किया जा रहा है। खास बात यह है कि कंपनी प्रबंधन के अधिकारी छत्तीसगढ़ समेत दिगर प्रांत के जान गंवाने वाले श्रमिकों के घर में जाकर चेक के माध्यम से मुआवजा भुगतान कर रहे है।

गौरतलब है कि बीते 14 अप्रैल को सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में भीषण बायलर हादसा हुआ था। बायलर पाइप फटने की घटना में मृतकों की संख्या दो दर्जन जा पहुंची हैए जबकि आधा दर्जन से अधिक श्रमिक खरसिया, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर के अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है। इनमें से कईयों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर इस भीषण हादसे में जान गंवाने वाले मृतक के परिजनों को प्रबंधन द्वारा 35-35 लाख मुआवजा देने की घोषणा की गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के प्रभावित परिवारों को कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा मुआवजा दिया जा रहा है। प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि उद्धव सिंह यादव एनजीएसएल एचईएमएस में कार्यरत थे। हादसे में उधव सिंह यादव की जान चली गई। इस पर 35 लाख रुपए की पूरी मुआवजा राशि का डिमांड ड्राफ्ट उनकी पत्नी सावित्री यादव को सौंपा गया। इसी प्रकार ठंडा राम लहरे एनजीएसएल, एचईएमएस में कार्यरत थे और छत्तीसगढ़ के निवासी थे। 35 लाख रुपये की पूरी मुआवजा राशि का डिमांड ड्राफ्ट उनके परिवार को सौंपा गया। अमृत लाल पटेल एनजीएसएल एचईएमएस में कार्यरत थे और छत्तीसगढ़ के निवासी थे।

35 लाख रुपये की पूरी मुआवजा राशि का डिमांड ड्राफ्ट उनकी पत्नी को सौंपा गया। इसके अलावा दूसरे प्रदेशों के प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के लिए व्हीएलसीटीपीपी संयंत्र एवं ठेका कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रतिनिधि रवाना किए जा चुके हैं। दुःखद हादसे में प्रत्येक घायल को 15 लाख रुपए के साथ उनके पूरी तरह से स्वस्थ होने तक मासिक वेतन दिया जाएगा। मृतकों के नामित परिवारजनों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के प्रावधानों के अंतर्गत एक निश्चित राशि पेंशन के तौर पर दी जाएगी। घायलों के परिवारजनों की मेडिकल काउंसिलिंग भी की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर गंभीर रुप से घायल कर्मचारियों को एयर एंबुलेंस के जरिए अन्य उच्च स्तरीय केंद्रों में भेजने की व्यवस्था की गई है।





### औद्योगिक दुर्घटना के संबंध में मांगे साक्ष्य एवं दस्तावेज

संभागायुक्त कार्यालय बिलासपुर द्वारा सक्ती जिला के डभरा तहसील के ग्राम सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर लिमिटेड, सिंघीतराई में हुई औद्योगिक दुर्घटना के संबंध में साक्ष्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 29 अप्रैल को अवसर प्रदान किया गया है। इच्छुक व्यक्ति या संस्था उक्त तिथि को बिलासपुर स्थित संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होकर साक्ष्य और तथ्य प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यालय आयुक्तए बिलासपुर संभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार उक्त दुर्घटना 14 अप्रैल को प्लांट की बॉयलर यूनिट.1 में स्टीम पाइप की वाटर सप्लाई लाइन के जॉइंट में तकनीकी खराबी के कारण हुई थी, जिसमें 34 श्रमिक प्रभावित हुए। घटना की गंभीरता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा आयुक्त, बिलासपुर संभाग को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्धारित तिथि को आयोजित सुनवाई के दौरान कोई भी संबंधित व्यक्तिए संस्था अथवा पक्ष यदि घटना से जुड़े तथ्यए साक्ष्य या दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहता हैए तो वह उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। जांच अधिकारी सह संभागीय आयुक्त ने सभी संबंधितों से अपील की है कि वे जांच प्रक्रिया में सहयोग करते हुए उपलब्ध साक्ष्य प्रस्तुत करें, जिससे घटना की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जा सके।

### फारेंसिक टीम पहुंची जांच में, घटना स्थल का किया निरीक्षण

वेदांता पावर प्लांट हादसे में प्रबंधन के अधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ ही पुलिस टीम जांच पड़ताल कर रही है। मामले की तकनीकी जांच के लिए एडिशनल एसपी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त टीम गठित किया है। इसके अलावा फारेंसिक जांच के भी निर्देश दिए गए है। इसी कड़ी में सोमवार 20 अप्रैल को बिलासपुर और सक्ती जिले के फारेंसिक अफसरों की संयुक्त टीम वेदांता पावर प्लांट सिंघीतराई पहुंची। दोपहर करीब 12 बजे पहुंची टीम के सदस्यों ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम तकरीबन 3 घंटे तक प्लांट परिसर में रही। इस दौरान उन्होंने संबंधित स्थलों की जांच की।

### मां ने आवेश में कुचल दिया सिर

# मासूम का दोष इतना कि वह पहाड़ में नहीं चल सका पैदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ढाई साल का मासूम जो अभी दुनिया ही नहीं घर के लोगों को भी ठीक से जान नहीं पाया था और इस दुनिया से उसे उसकी मां ने ही रुकसत कर दिया। दोष उसकी सिर्फ इतनी थी कि वह भरी दोपहरी में धूप की तेज तपीश से पहाड़ पर पैदल नहीं चल सका। इससे तैश में आकर नौ महीने में कोख में रखने वाली निर्दयी मां ने ही उसके सिर पत्थर से कूचल दिया। यह दिल दहलाने वाली घटना कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पारेमेर फिटिंगपारा से सामने आई है। इस अमानवीय घटना के बाद आरोपी महिला ने पुलिस को गुमराह करने के लिए कई झूठी कहानियां गढ़ी, लेकिन पुलिस झूठ ज्यादा देर तक टिक नहीं सका।

मामले का खुलासा तब हुआ जब 19 अप्रैल को मृतक बालक अनुज मंझवार के पिता बोधसाय मंझवार 28 ने कापू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल की सुबह वह जंगल चार तोड़ने गया था, उस समय घर पर उसकी पत्नी सोनमती सरोती मंझवार और दोनों बच्चे साढ़े चार साल की बेटी ढूलबाई और ढाई साल का बेटा अनुज मौजूद थे। दोपहर में लौटने पर घर खाली मिला। शाम को बेटी अकेले घर पहुंची और बताया कि मां उसे वापस भेजकर छोटे भाई को लेकर जंगल की ओर नानी के घर गई है। इसके बाद परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और ग्रामीणों के साथ जंगल में तलाश शुरू की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन आरोपी महिला अकेले घर लौटी और पूछने पर बच्चे के बारे में स्पष्ट जानकारी देने से बचती रही। दो दिनों तक लगातार खोजबीन के बाद 18 अप्रैल की रात करीब 1 बजे रानीगौवा पहाड़ के पास एक पगडंडी किनारे महुआ पेड़ के पास खून के निशान दिखाई दिए। आसपास गहरी खाई में तलाश करने पर मासूम अनुज का शव बरामद हुआ, जिसके सिर पर गंभीर चोट थी। यह दृश्य देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कापू पुलिस ने धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर संदेही महिला को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी उप निरीक्षक इगेश्वर यादव ने पूछताछ शुरु की। शुरुआत में महिला ने अपहरण जैसी कहानी गढ़कर पुलिस को भ्रमित करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर वह टूट गई और अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह अपने दोनों बच्चों के साथ मायके जा रही थी। रास्ते में उसने बेटी को वापस घर भेज दिया और बेटे को गोद में लेकर पहाड़ी चढ़ाई कर रही थी। थकान के दौरान उसने बच्चे को नीचे उतारा, लेकिन जब बच्चा चलने को तैयार नहीं हुआ, तो गुस्से में आकर उसने उसे जमीन पर पटक दिया और पत्थर से सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वह घर लौटकर झूठी कहानी बनाकर सभी को गुमराह करती रही। पुलिस ने आरोपी महिला का वीडियोग्राफी बयान दर्ज किया।

## वन विभाग की टीम को ग्रामीणों ने टंगिया लेकर दौड़ाया, जान बचाकर भागे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा रेंज में जंगल की जमीन पर अतिक्रमण रोकने पहुंचे वनकर्मियों पर ग्रामीणों के हमले का मामला सामने आया है। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि डिप्टी रेंजर और वन रक्षक को कुल्हाड़ी और डंडों लैस ग्रामीणों ने मारने तक दौड़ाया। दोनों अधिकारियों ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद घरघोड़ा पुलिस ने 6 नामजद सहित कई ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, जशपुर निवासी 54 वर्षीय विजय कुमार मिंज, जो घरघोड़ा रेंज के चिमटापानी परिक्षेत्र में डिप्टी रेंजर पद पर पदस्थ हैं, अपने सहयोगी वन रक्षक सुभाष कुमार कर्ष के साथ चोटीगुड़ा बीट के कक्ष क्रमांक 1348 (पीएफ) ग्राम बिच्छीनारा में गश्त पर पहुंचे थे। गश्त के दौरान उन्होंने देखा कि कुछ ग्रामीण पोकलेन के जरिए जंगल की जमीन को साफ कर पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहे थे। वनकर्मियों ने जब ग्रामीणों से इसकी अनुमति के बारे में पूछा और अतिक्रमण न करने की समझाइश दी, तो ग्रामीण भड़क उठे। उनका कहना था कि उनकी जमीन का अधिग्रहण एनटीपीसी द्वारा किया जा चुका है, ऐसे में वे इस जमीन पर घर बनाकर रहने को मजबूर हैं। आरोप है कि दयाराम चौहान, रामप्रसाद सारथी, परखित उरांव, बलराम उरांव, प्रमोद उरांव और कुमार उरांव समेत अन्य ग्रामीण गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी और डंडों के साथ वनकर्मियों पर हमला करने दौड़ पड़े। इस दौरान वन अधिकारियों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। हालात बिगड़ते देख डिप्टी रेंजर और वन रक्षक किसी तरह वहां से भाग निकले और अपनी जान बचाई। घटना की सूचना कटंगडीह परिसर रक्षक सुरेंद्र सिंह सिदार को दी गई, लेकिन तब तक ग्रामीण आक्रोशित बने रहे।

### 60 किलो गांजा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने ओड़िशा से गांजा तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 60 किलोग्राम गांजा, कार और मोबाइल समेत कुल 20 लाख 24 हजार 750 रुपए की संपत्ति जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को तमनार पुलिस और साइबर टीम को ओड़िशा के बिलाईमुंडा क्षेत्र से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में भारी मात्रा में गांजा भरकर धौराभांठा की ओर आने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने धौराभांठा मेन रोड पर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन क्रमांक ओआर 15 टी 7372 को रोककर जांच की। वाहन में सवार दो आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम सोहन लाल सिदार 40 निवासी रायपारा और विनोद प्रधान 33 निवासी समकेरा बताया। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से 9 पैकेटों में भरा हुआ कुल 60 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख 14 हजार 750 रुपए आंकी गई। इसके साथ ही आरोपियों से मोबाइल भी जब्त की गई है। आरोपियों ने बताया किया कि वे ओडिशा के कमल मेहर से संपर्क कर गांजा लाकर अवैध बिक्री के लिए परिवहन कर रहे थे। इस मामले में कमल मेहर को फरार आरोपी बनाया गया है।

# आरटीई के पहले चरण में जिले की 680 सीटों पर 544 बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 16 अप्रैल को लॉटरी निकाली गई। जिसमें जिले 680 सीटों के विरुद्ध 544 बच्चों का चयन लॉटरी प्रक्रिया किया गया। आरटीई की प्रवेश प्रक्रिया में किए गए बदलाव के बाद इस साल से कक्षा पहली में बच्चों को प्रवेश दिया गया है।

**खास बात**

- बाकी सीटों का दूसरे चरण में होगी पूर्ति

गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पहले चरण के लिए आरटीई के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले चरण में जिले के 239 स्कूलों के लिए कुल 1 हजार 42 आवेदन मिले थे, जिसमें 773 को स्वीकृति दी गई थी। वहीं अब भी 229 बच्चे दूसरे चरण के लिए कतारबद्ध हैं। बता दें कि इस शैक्षणिक सत्र के लिए जिले में कुल 680 सीटें है। जिसमें में 544 सीटों पर बच्चों का चयन कर लिया गया है। इस बार आरटीई के तहत मिलने वाली सीटों की संख्या घट गई है। जिसकी वजह से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए यह ज्यादा चिंता का विषय है। पूर्व की तरह आरटीई में प्रवेश की प्रक्रिया दो चरणों में होगी। दूसरे चरण में 08 जून से 20 जून तक नए स्कूलों का रजिस्ट्रेशन होगा। जिसके बाद 08 जून से 25 जून तक नोडल प्राचार्यए डीईओ द्वारा सीट प्रकटीकरण किया जाएगा। इसके पश्चात 01 जुलाई से 11 जुलाई तक छात्रों का ऑनलाइन पंजीयन होगा। 01 जुलाई से 15 जुलाई तक नोडल वेरिफिकेशन और 27 जुलाई से 31 जुलाई के बीच ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सीटों का आबंटन किया जाएगा। 03 अगस्त से 17 अगस्त तक स्कूलों में चयनित छात्र.छात्राओं को प्रवेश दिलाया जाएगा।




### रिक्त सीटों के लिए दोबारा मंगाए जाएंगे आवेदन

कई निजी स्कूल को आवेदकों द्वारा प्राथमिकता नहीं दी जाती और उस स्कूल के लिए आवेदन प्राप्त नहीं होते। यदि आवेदन प्राप्त होते हैं तो आवेदकों द्वारा उन स्कूलों को द्वितीय या तृतीय प्राथमिकता क्रम में रखा जाता है। यदि किसी आवेदन पर पहली प्राथमिकता के स्कूल का चयन हो जाता है तो शेष स्कूलों की सीटें रिक्त रह जाती हैं।

### अधिक सीटें दिखा लेते थे प्रवेश

इन सब के इतर कुछ छोटे स्कूल, नर्सरी, केजी.01 और कक्षा पहली में से दो कक्षाओं को प्रवेश कक्षा घोषित कर देते थे। अपनी वास्तविक क्षमता से अधिक सीटें दिखाकर अधिक आरटीई प्रवेश लेते थे। ऐसे स्कूल मुख्यतः सरकारी शुल्क प्रतिपूर्ति पर निर्भर रहते थे। शैक्षणिक स्तर कम होने के कारण सामान्य बच्चे स्कूल बदल देते थे, जिससे इन स्कूलों में आरटीई में प्रवेशित बच्चों की संख्या बढ़ जाती थी और बार.बार स्कूल बदलने से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित होती थी।

### जिले में घट गई 1377 सीटें

विभागीय जानकारी के अनुसार पिछले सत्र में केजी.01 से कक्षा पहली तक कुल 2088 सीटें हुआ करती थी, किंतु इस बार कक्षा पहली को आधार प्रवेश कक्षा मान कर दाखिला लिया जा रहा है। ऐसे में इस बार कक्षा पहली में सीटों की संख्या 711 ही रह गई है। यानी कुल 1377 सीटें घट गई है। इससे जरूरतमंद बच्चों और अभिभावकों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। पिछले साल 1836 सीटों तक इन कक्षाओं के लिए दाखिल लिया गया था।

### किसानों को झटका, अब रकबा बढ़ने के बजाए होगा कम, सरकारी धान बीज की कीमत में 12 रुपए की कमी

# दलहन में आत्म निर्भरता का ढोंग, उड़द-मूंग के बीजों की कीमत में 3 हजार का इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दलहन में आत्मनिर्भता का केवल ढोंग किया जा रहा है। यदि ऐसा नहीं होता तो मूंग और उड़द बीजों की कीमतें आसमान नहीं छूती। बीज की कीमतें बीज निगम ने इस कदर बढ़ा दिया है कि किसान बीज लेने सें कतराने लगे हैं। बीज निगम ने उड़द बीज की कीमत में जहां 3 हजार 51 रुपए बढ़ा दिया है। वहीं मूंग के बीज की कीमतों में 2 हजार 606 रुपए बढ़ाया गया है।

**खास बात**

- दलहन को बढ़ावा देने बीते साल किया गया था उड़द की कीमत में 12 सौ कम, मूंग में 200 रुपए बढ़ा था, इस साल 2606 रुपए बढ़ा

हालांकि खरीफ सीजन के मुख्य फसल में मोटे धान की कीमत 12 और पतला धान की कीमत में 81 रुपए कम किया गया है, लेकिन सुगंधित धान बीज में 153 रुपए बढ़ा दिया गया है। कुल मिलाकर किसानों को इस बार जेब ढीली करनी पड़ेगी। इस बार यदि परंपरागत बीज के बजाए आधार या प्रमाणित बीज लेना चाहते हैं तो किसानों को जेब ढीली करनी पड़ेगी। क्योंकि इस बार अधिकांश सरकारी बीज की कीमतों में इजाफा कर दिया गया है। धान बीज की कीमत में करीब 12 और 81 रुपए तो कम किया गया है, लेकिन सुगंधित धान बीज में 153 रुपए बढ़ा दिया गया है।

हालांकि रायगढ़ जिले में अभी केवल मोटा धान याने सरना ही लगा रहे हैं। दूसरी ओर दलहन की कीमतें अब आसमान छू रहीं हैं। जबकि दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भता को लेकर एक साल से ढोल पीटा जा रहा था। बीज की कीमतों में बढोत्तरी होने पर इसका असर किसानों के मुनाफे पर पड़ता है। याने लागत बढ़ेगी तो आमदनी कम होगी।



### पहले करते थे परंपरागत बीज का उपयोग

आज से करीब 10 साल पहले किसान परंपरागत बीजों का प्रयोग करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। अब प्रमाणित और आधार बीज ही उपयोग किया जा रहा है, लेकिन हर साल बीजों की कीमतों में इजाफा होने से किसानों की परेशानी भी बढ़ रही है। बीते 2023 में मोटा धान की कीमत में जहां दो सौ रुपए का इजाफा हुआ था। वहीं 2024 में प्रति क्विंटल 6 सौ रुपए बढ़ा दिया गया था। इसी तरह 2023 में पतला धान में दो सौ रुपए बढ़ा था। वहीं 2024 में 9 सौ रुपए की बढोत्तरी हो गई थी। 2025 में मोटा धान बीज की कीमत में 150 रुपए, पतला धान बीज 130 और सुगंधित धान बीज की कीमत में 150 रुपए का इजाफा किया गया था।

### 9 साल में ऐसे रहा बीजों की कीमतें

| बीज | 2026 | 2025 | 2024 | 2023 | 2022 | 2021 | 2020 | 2019 | 2018 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धान मोटा | 3538 | 3550 | 3400 | 2800 | 2600 | 2400 | 2250 | 2150 | 1850 |
| धान पतला | 3949 | 4030 | 3900 | 3000 | 2800 | 2700 | 2500 | 2325 | 2000 |
| धान सुगंधित | 4803 | 4650 | 4500 | 3400 | 3100 | 3000 | 2900 | 2725 | 2250 |
| उड़द | 14351 | 11300 | 12500 | 10250 | 9350 | 9000 | 7500 | 5100 | 5700 |
| मूंग | 14006 | 11400 | 11200 | 10100 | 9500 | 9500 | 8700 | 5850 | 6600 |
| मूंगफली | 11816 | 11900 | 11900 | 9500 | 7400 | 8000 | 7000 | 6200 | 7050 |

### 2024 में बढ़ा था सबसे ज्यादा कीमत

बीते 2024 में अब तक के बीज के कीमतों में सबसे ज्यादा इजाफा किया गया था। मोटा धान में 600, पतला 900 और सुगंधित धान बीज की कीमत में 11 सौ रुपए बढ़ाया गया था। उड़द में 2250, मूंग की कीमत में 11 सौ और मूंगफली बीज की कीमत 2400 रुपए बढ़ाई गई थी। हालांकि मूंग उड़द में तो इस साल जो कीमत बढ़ाई गई है उससे किसानों का कमर ही टूट जाएगा। 2025 में भी डेढ़ सौ और 130 रुपए ही बढ़ाई गई थी। बीते 2023 में सबसे ज्यादा तिल में साढ़े चार हजार बढ़ा था। वहीं रामतिल में 1950 रुपए का इजाफा किया गया था।

## खबर संक्षेप



### बिसवाल ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

**जशपुरनगर।** राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के उप संचालक अवनि बिसवाल ने सोमवार को जशपुर परियोजना के तपकरा, कुनकुरी परियोजना के डुगडुगिया, दुलदुला परियोजना के खटंगा आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया और और पोषण पखवाड़ा की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पोषण पखवाड़ा की 6 थीमों पर हितग्राहियों से चर्चा की और उन्हें अपने बच्चों को रोज आंगनबाड़ी केन्द्रों में भेजने की सलाह दी। उन्होंने रेडी टू ईट फूड का हितग्राही को कैसे उपभोग करना है इसकी भी जानकारी प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी जशपुर योगेश भगत और जिला बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर यादव उपस्थित रहे। विदित हो कि 20 फरवरी को पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों के अवलोकन के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के उप संचालक अवनि बिसवाल का जशपुर जिले में आगमन हुआ है।

### प्राकृतिक आपदाः परिवार को 4 लाख की सहायता राशि

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम महनई निवासी स्व पडरू का सांप के काटने से 19 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी भिखनी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर कल

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले के दिव्यांगजनों को प्रमाणन एवं यूडीआईडी सुविधा प्रदान करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 अप्रैल 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस शिविर में जनपद पंचायत पत्थलगांव क्षेत्र के समस्त दिव्यांगजनों का नवीन प्रमाणीकरण एवं पूर्व में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। यह शिविर दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।
शिविर में आने वाले हितग्राहियों को आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा दिव्यांगता दर्शाने वाला फोटोग्राफ साथ लाना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने यह भी सलाह दी है कि, जिन हितग्राहियों का मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं है या अपडेट करने की आवश्यकता है, वे शिविर में आने से पहले ही नजदीकी आधार केंद्र में अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा लें, ताकि पंजीयन प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो।

### जशपुर में नशे के खिलाफ चलेगा सख्त अभियान

**जशपुरनगर।** जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक और सख्त कार्य योजना लागू की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एनकार्ड समिति की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने सभी संबंधित विभागों को नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, निगरानी और जनजागरूकता अभियान को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर व्यास ने नशे से पीड़ित व्यक्तियों को उपचार हेतु नशा मुक्ति केंद्र जाने के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया है। इसके लिए नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 एवं 14446 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरतमंद लोग आसानी से सहायता प्राप्त कर सकें।

## हवन-पूजन के बाद बालाजी मंदिर से निकली शोभायात्रा, मेधावी छात्र, वरिष्ठजन और समाजसेवियों का सम्मान

# परशुराम जयंती पर जशपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर रविवार को जशपुर शहर भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता के रंग में रंगा नजर आया। सर्व ब्राह्मण समाज जशपुर के तत्वावधान में बालाजी मंदिर प्रांगण में विश्व कल्याण, शांति और समृद्धि की कामना से भव्य पूजन-हवन का आयोजन किया गया। इसके बाद सुबह 10 बजे शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष, युवा और बच्चों ने हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान "भगवान भगवान परशुराम की जय" के जयघोषों से शहर गूंजता रहा।

श्रद्धा और अनुशासन से सजे इस आयोजन ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय चौबे ने की, जबकि यजमान के रूप में सुदीप मुखर्जी उपस्थित रहे। पुरोहित पंडित मनोज रमाकांत के सान्निध्य में भगवान परशुराम का पूजन किया गया। परशुराम गायत्री मंत्र के जाप और वैदिक विधि-विधान से हवन संपन्न हुआ। हवन में आहुति देकर विश्व शांति, सुख- समृद्धि और समाज के मंगल की कामना की गई। बालाजी मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में और पुरुष तिलक लगाकर आयोजन में शामिल हुए।

### सामूहिक भोज के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में शीतल मिश्रा, प्रवीण पाठक, कमल दुबे, ओम प्रकाश पांडे, दिनेश तिवारी, आलोक मिश्रा, अमित मिश्रा, मनभरण त्रिपाठी, सुधीर पाठक, अरविंद सतपथी, जयप्रकाश पाठक, कोलेश्वरजी, विद्यासागर उपाध्याय, विनोद मिश्रा, प्रेमप्रकाश त्रिपाठी, विंध्याचल शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



### बालाजी मंदिर से निकली शोभायात्रा, शहर बना भक्तिमय

पूजन के बाद सुबह 10 बजे बालाजी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर महाराज चौक, सन्ना रोड, शिव मंदिर मार्ग होते हुए पुनः बालाजी मंदिर पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालुओं के हाथों में भगवा ध्वज लहराते रहे। ढोल-नगाड़ों, जयघोषों और धार्मिक नारों के बीच निकली यात्रा से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। कई स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा वापस बालाजी मंदिर पहुंची, जहां यह सभा में परिवर्तित हो गई। सभा को डॉ मंगल किशोर पाठक एवं मनोज रमाकांत मिश्रा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने समाज को शिक्षा, संस्कार, संगठन और युवा शक्ति के महत्व पर जोर देते हुए एकजुट रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन सर्व ब्राह्मण समाज के सचिव मनोज गौतम शर्मा ने किया।

### मेधावी छात्र, वरिष्ठों और समाजसेवियों का सम्मान

सभा के दौरान समाज के वरिष्ठजनों का श्रीफल और शॉल भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सामाजिक संगठन, सेवा कार्यों और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को भी मंच से सम्मान प्रदान किया गया।

### महिलाओं की नई समिति का गठन

सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष परमानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में महिलाओं की एक नई समिति का गठन किया गया। समिति भविष्य में महिला शिक्षा, सामाजिक उत्थान और समाज कल्याण से जुड़ी गतिविधियों का संचालन करेगी। इस निर्णय का समाजजनों ने स्वागत किया।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच जारी

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बटूराबहार में रविवार देर शाम एक 22 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान शारदा बंजारा उम्र 22 वर्ष पिता स्व कत्थे राम बंजारा, निवासी बटूराबहार के रूप में हुई है।



बताया जा रहा है कि, माता-पिता के निधन के बाद मृतका अपने चाचा फतेराम बंजारा के साथ रह रही थी। परिजनों के अनुसार, घटना की रात शारदा ने परिवार के लिए खाना बनाकर दिया। भोजन के बाद वह बर्तन धोने के लिए बाहर गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। संदेह होने पर परिजन जब घर के अंदर पहुंचे तो, उसे रसोई कक्ष में लकड़ी के सहारे प्लास्टिक रस्सी से फंदा लगाकर लटकी हुई पाया। तत्काल उसे नीचे उतारकर देखा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवती का एक युवक से प्रेम संबंध था, जिसके चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आत्महत्या के कारणों की पुष्टि नहीं हो पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## 14 अप्रैल सिर्फ तारीख नहीं बल्कि युग का जन्मदिवस : नारायण

**रायगढ़।** 14 अप्रैल केवल एक तारीख नहीं बल्कि एक युग का जन्मदिवस है। इस दिन महू की धरती पर एक ऐसा सूर्य उदित हुआ जिसने सदियों से अंधकार में डूबी मानवता को समानता, स्वतंत्रता और बंधुता का शाश्वत प्रकाश दिया।

भारत रत्न, संविधान शिल्पी, आधुनिक भारत के मनुए श्रमिकों के मसीहा, महिलाओं के मुक्तिदाता, बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की पावन जयंती के पवित्र अवसर पर एक वैचारिक संगोष्ठी के रूप में उनका पुण्य.स्मरण करते हुए भाजपा नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा यह संगोष्ठी केवल माल्यार्पण और भाषण तक सीमित नहीं है। बल्कि इसका लक्ष्य बाबा साहेब के जीवन के पहलुओं को पढ़ना, समझना और जीना है। नारायण चंदेल ने संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता कहा भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए बाबा साहेब का जीवन प्रेरणा दाई है। नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़े संघर्ष और शिखर तक पहुंचने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा महाड़ का सत्याग्रह, कालाराम मंदिर प्रवेश, गोलमेज सम्मेलन, पूना पैक्ट, हिंदू कोड बिल ये केवल घटनाएं नहीं, मानव.मुक्ति के मील के पत्थर हैं। जिस बालक को स्कूल में पानी तक नसीब नहीं था, उसी ने कोलंबिया और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टरेट की। जिस समाज ने उन्हें अछूत कहाए उसी समाज के लिए उन्होंने दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान रच दिया। यह संगोष्ठी युवा पीढ़ी को संदेश देने देगी कि परिस्थितियाँ कितनी भी विपरीत हो संकल्प का कोई दूजा विकल्प नहीं है। बाबा साहेब के विचार कल भी प्रासंगिक है आज भी है और आने वाले कल में भी प्रासंगिक रहेंगे।




## गाड़ी खड़ी की और डिक्की से चोरी हो गए 2.55 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




- लैलूंगा थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

लैलूंगा थाना क्षेत्र में बाइक की डिक्की को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। दो अलग-अलग मामलों में बैंक से पैसे निकालकर लौट रहे ग्रामीणों की बाइक की डिक्की से अज्ञात चोरों ने 2 लाख 55 हजार पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पीड़ित कुछ देर के लिए रास्ते में रुके थे, जिसका फायदा उठाकर चोर फरार हो गए।

पहली घटना ग्राम गेरूपानी उरांवपारा निवासी 37 वर्षीय शिव प्रसाद भगत के साथ हुई। वह शुक्रवार सुबह अपनी प्लेटिना बाइक से स्टेट बैंक लैलूंगा पहुंचा था, जहां से उसने 2 लाख 15 हजार रुपए निकाले। पैसे को प्लास्टिक में रखकर पासबुक, चेकबुक और राशन कार्ड के साथ बाइक की डिक्की में रख लिया। घर लौटते समय वह टीवीएस शोरूम के पास एक गैरेज में बाइक बनवाने के लिए रुका। जैसे ही वह गैरेज के अंदर गया, अज्ञात चोर ने मौका पाकर डिक्की खोल दी और नकदी समेत जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो गया। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर उसने रविवार को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं दूसरी घटना ग्राम सिरकीनारा भुईंयापानी निवासी 71 वर्षीय किसान धोबाई प्रसाद सिदार के साथ हुई। वह 2 जनवरी को अपैक्स बैंक से 40 हजार रुपए निकालकर बाइक की डिक्की में रखकर लौट रहा था। रास्ते में बुधवारी बाजार स्थित यादव होटल के पास वह नाश्ता करने के लिए रुका। नाश्ता करके कुछ देर बाद लौटने पर देखा कि डिक्की से नकदी गायब है। आसपास खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर उसने भी लैलूंगा थाना में शिकायत दर्ज कराई। लैलूंगा थाना प्रभारी गिरधारी साव ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जहां सुबह-शाम खेलते हैं खिलाड़ी वहां लग गया स्वदेशी मेला, हटवा दो साहब

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जनदर्शन में लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनदर्शन कार्यक्रम में आज शहर के खिलाड़ियों ने नटवर स्कूल मैदान में लगे स्वदेशी मेले को हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

खिलाड़ियों का कहना है कि यह मैदान शहर का एकमात्र प्रमुख खेल मैदान हैए जहां नियमित रूप से बच्चों के विभिन्न खेल आयोजित होते हैं। 45 दिनों तक मेले के आयोजन से बच्चों को खेलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी दौरान रायगढ़ निवासी मंगतुराम चौहान ने पेंशन दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया।



उन्होंने बताया कि वे केंद्रीय विद्यालय में वर्ष 1977 से 2008 तक कार्यरत रहेए लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद आज तक उनका पेंशन प्रकरण तैयार नहीं किया गया है, जिससे उन्हें जीवनयापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम एकताल की निवासी जशोदा बाई झारा ने पिछले 7 से 8 महीनों से राशन नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि नया राशन कार्ड बनवाने के लिए उनका पुराना कार्ड जमा कर लिया गया हैए लेकिन अब तक उन्हें राशन नहीं मिल पाया है, जिससे उनके परिवार को भारी परेशानी हो रही है। जामगांव के आशाराम रावत ने नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी 2 वर्षीय पुत्री के लिए दो.तीन महीने पहले आवेदन किया थाए लेकिन अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है। इसके अलावा जनदर्शन में पहुंचे अन्य लोगों ने भी राशन कार्ड वृद्धा पेंशन आर्थिक सहायता सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी मामलों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में सोंमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री व्यास ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए सभी स्तरों पर कड़ाई से नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। यह पहल जिले में दुर्घटनाओं को कम करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## भीषण गर्मी में प्याऊ खोलकर मानवता की मिसाल बना, अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट ब्रम्हनिष्ठालय बनोरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मानव सेवा ही माधव की सेवा है इस शाश्वत सत्य को आत्मसात करते हुए रायगढ़ की मानव सेवी संस्था अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा द्वारा भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर निशुल्क शीतल पेयजल वितरण का महाअभियान प्रारंभ किया गया है। आमजनो, राहगीरों, श्रमिकों एवं के लिए यह सेवा.यज्ञ शुरू किया है।

आश्रम प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल नटवर स्कूल के सामने प्याऊ शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु एक प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया है। आज गोगा मंदिर के समीप एक प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। दोनों जगहों के पानी को ठंडा रखने हेतु मिट्टी के घड़े रखे गए है ताकि गर्मी के दिनों में पानी ठंडा रहे। पानी के साथ साथ राहगीरों को गुड़ भी प्रदाय किया जायेगा। पूज्य अघोरेश्वर के तैल चित्र की विधिवत पूजा अर्चना कर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। दिनों हो जगहों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। सन 1992 में आश्रम की नींव रखी गई तब से लेकर आज तक आश्रम के तत्वाधान में पानी पिलाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। तेज गर्मी के मद्देनजर दोनों ही प्याऊ में ग्रीष्मकालीन अवधि तक पानी उपलब्ध होगा। प्रबंधन द्वारा स्थाई रूप से शीतल पेय जल हेतु दो वाटर कूलर सार्वजनिक स्थलों में लगाए गए है। शक्तिगुडी चौक समीप सरस्वती प्रतिमा के समीप एवं कबीर चौक के समीप वाटर कूलर लगाया गया है। अपने स्थापना काल से ही पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के निर्देशन में ट्रस्ट से जुड़ी सभी शाखाएं विभिन्न मानव सेवी गतिविधियां संचालित करती है। जिनमें ग्रीष्मकालीन मौसम में पेयजल भी राहगीरों के लिए मुहैया कराया जाना भी शामिल है। दोनों ही प्याऊ में पेय जल पिलाने हेतु प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक सेवा देने वाले व्यक्ति मौजूद रहेंगे। जो प्याऊ तक आने वाले राहगीरों को गुड़ के साथ कांच के ग्लास में ठंडा पानी उपलब्ध कराएंगे।

## बिना हेलमेट-सीट बेल्ट पर 14 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई

# कलेक्टोरेट में सड़क सुरक्षा पर अभियान के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार से कलेक्टोरेट परिसर में हेलमेट और सीट बेल्ट को अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार अब दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाए बिना कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश नहीं देने के निर्देश दिए है।



उक्त निर्देश के अनुपालन में एसएसपी लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट परिसर में विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 28 प्रकरण दर्ज किए गए। 24 प्रकरण बिना हेलमेट और 4 बिना सीट बेल्ट के मामलों में कुल 14 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर ही की गई, जिससे यह संदेश स्पष्ट हुआ कि नियम सभी के लिए समान हैं। कलेक्टर व्यास ने स्पष्ट किया कि, यह व्यवस्था सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होगी। उन्होंने कहा कि शासकीय अमला स्वयं यातायात नियमों का पालन कर समाज के सामने सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करे। यह निर्णय कर्मचारियों की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले जोखिम को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि, यह अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि इसे लगातार जारी रखा जाएगा।

### सुरक्षा को लेकर संयुक्त अपील

कलेक्टर एवं एसएसपी ने संयुक्त रूप से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें। उन्होंने कहा कि, यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टोरेट में लागू यह सख्त व्यवस्था न केवल अनुशासन और जवाबदेही को मजबूत करेगी, बल्कि जिलेभर में सड़क सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## खबर संक्षेप

### सहायक शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी समिति गठित

**रामानुजगंज।** सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन ब्लॉक अध्यक्ष लवंग साय राही के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष देव नारायण गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन को सशक्त बनाने तथा विभिन्न शैक्षणिक और सेवा संबंधी मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। समिति में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरोध में चल रहे देशव्यापी आंदोलन पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि इस निर्णय के विरोध में देशभर के शिक्षक लामबंद हैं और निरंतर आंदोलन एवं प्रदर्शन जारी हैं। ऐसे समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आंदोलन को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ज़िला प्रवक्ता प्रभाकर मुखर्जी ने अपने संबोधन में टीईटी अनिवार्यता, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, समयमान वेतन, क्रमोन्नत वेतन एवं पदोन्नति जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष लवंग साय राही ने संगठन के प्रति ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग, एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के नाम विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई के उपाध्यक्ष आदित्य विभु जायसवाल ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग की है। आदित्य विभु जायसवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से चुनाव न होने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और उनकी समस्याएं प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। छात्र हितों की रक्षा के लिए चुनाव कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा कर पारदर्शी तरीके से चुनाव कराए जाना आवश्यक हैं। इस दौरान युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पंकज जायसवाल, एनएसयूआई जिला महासचिव सूर्यकांत रवि सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर दो महिलाओं की मौत

**अम्बिकापुर।** अलग अलग घटनाओं में कीटनाशक पीने से गंभीर हुई दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार फरसा बहार अंतर्गत ग्राम धौरासांड निवासी जितिया पात्रे पति धोना पात्रे (51 वर्ष) 14 अप्रैल को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसके फरसा बहार अस्पताल से जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में राजस्थान अंतर्गत झलवार निवासी शकुंतला कुमारी प्रजापति पति रंजीत (26 वर्ष) 15 दिन पूर्व मायके ग्राम हरिगवा आई थी। 10 अप्रैल को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पहली किस्त मिलने के बाद महीनों से अटकी दूसरी किस्त की राशि

# आधे-अधूरे पीएम आवास ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी, उधार लेकर करा रहे निर्माण





आधे-अधूरे पीएम आवास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना जहां हजारों गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान का सपना लेकर आई, वहीं जिले के कई गांवों में यह योजना अब अधूरी उम्मीदों का प्रतीक बनती नजर आ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी प्रतापपुर ब्लॉक के हितग्राहियों को झेलनी पड़ रही है, जहां बड़ी संख्या में गरीब और विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के परिवार आधे अधूरे पीएम आवास की समस्या से जूझ रहे हैं।

**खास बात**
- प्रतापपुर ब्लॉक सबसे ज्यादा प्रभावित है हितग्राही

ग्रामीणों के अनुसार योजना के तहत उन्हें मकान स्वीकृत तो हुआ, पहली किस्त भी मिली, लेकिन उसके बाद की राशि महीनों से अटकी हुई है। किसी तरह मजदूरी कर या उधार लेकर उन्होंने अपने घरों की दीवारें खड़ी कर दीं और डीपीसी तक निर्माण कार्य पूरा किया। लेकिन दूसरी किस्त नहीं मिलने से अब निर्माण पूरी तरह ठप पड़ गया है। प्रतापपुर ब्लॉक के कई गांवों में एक जैसी स्थिति है। आधे-अधूरे मकान खुले में खड़े हैं और परिवार असुरक्षित हालात में रहने को मजबूर हैं। कई जगहों पर दीवारें तो खड़ी हैं, लेकिन छत नहीं होने के कारण लोग फिर से पुराने कच्चे घरों या अस्थायी झोपड़ियों में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता ने पूरी योजना की गति को प्रभावित कर दिया है। विशेष रूप से प्रतापपुर ब्लॉक में यह समस्या व्यापक रूप से देखने को मिल रही है, जहां अधिकांश हितग्राही परेशान हैं और समाधान की प्रतीक्षा करने को मजबूर हैं। हितग्राहियों का कहना है कि आने वाले दिनों में मानसून का खतरा भी सामने है। यदि समय रहते निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो अधूरे मकान और भी ज्यादा क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, जिससे गरीब परिवारों की स्थिति और खराब हो जाएगी।

### लंबित है मजदूरी भुगतान

ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी भी समय पर नहीं मिल रही है। तीन से चार महीने से मजदूरी भुगतान लंबित है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई परिवारों में खाने तक के लाले पड़ गए हैं और लोग कर्ज लेकर जीवनयापन करने को मजबूर हैं।

### दूसरी किस्त जारी करने की मांग

प्रभावित हितग्राहियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि जल्द से जल्द दूसरी किस्त जारी की जाए और मनरेगा मजदूरी का भुगतान किया जाए, ताकि वे अपने अधूरे घरों को पूरा कर सकें। हितग्राहियों का कहना है कि कई बार जनपद और जिला स्तर के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सभी को मिल रही है राशि

पीएम आवास निर्माण की राशि सभी को मिल रही है। जिनको पैसा नहीं मिला है वे अपना नाम लिखवा सकते है। मै दिखवाता हूं।

-अनिल तिवारी, जनपद सीईओ



सड़क किनारे फेंका गया मलबा।

## क्वार्टर मरम्मत के बाद निकला मलबा फेंका सड़क किनारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के वन-बी हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित बंगाली क्लब के पास क्वार्टर मरम्मत के बाद निकला मलबा और कचरा पिछले दो महीनों से सड़क किनारे पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- दो माह से कॉलोनीवासियों को हो रही परेशानी

जानकारी के अनुसार, मरम्मत कार्य के बाद ठेकेदार ने क्वार्टर से कचरा निकलवाकर उसे सड़क किनारे डाल दिया और उसके बाद से अब तक उसका उठाव नहीं कराया गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने कचरा निपटान की जिम्मेदारी नगर पंचायत पर छोड़ दी, जबकि नगर पंचायत अमले का कहना है कि यह कचरा एसईसीएल के कार्य से संबंधित है, इसलिए इसका निपटान ठेकेदार को ही करना चाहिए। उक्त क्षेत्र नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 10, महाराणा प्रताप वार्ड में आता है। स्थानीय पार्षद द्वारा कचरा उठवाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन जिम्मेदारी तय न होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पहले से ही बदहाल है। एसईसीएल द्वारा साफ-सफाई और मरम्मत के लिए करोड़ों रुपये की निविदाएं जारी की जाती हैं, वहीं नगर पंचायत में भी दर्जनों सफाई कर्मचारी तैनात हैं, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर हालात खराब हैं। लोगों का आरोप है कि सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। नालियों की सफाई के बाद कचरा वहीं छोड़ दिया जाता है, जिससे गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे कॉलोनीवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत और एसईसीएल प्रबंधन से जल्द से जल्द कचरा हटाने की मांग की है।

## परशुराम जयंती पर तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** भगवान परशुराम की जयंती पर केशरवानी भवन में पूर्व एडीआईएस ब्रह्माशंकर सिंह, डॉ. उमेश पांडेय, पं. रामनारायण शर्मा और सच्चिदानंद पांडेय के आतिथ्य व साहित्यकार बीडी लाल की अध्यक्षता में विचारगोष्ठी एवं सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम और मां हंसवाहिनी के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। पं. रामनारायण शर्मा ने भगवान परशुराम को सात चिरंजीवी में से एक बताते हुए कहा कि वे शस्त्र और शास्त्र विद्या में पारंगत थे। पिता के आज्ञापालक, माता के जीवन रक्षक, भातृ-प्रेम के निर्वहनकर्ता, अन्यायी-अत्याचारियों के विनाशक, सज्जनों के रक्षक और नारी जाति को सम्मान देनेवाले महापुरुष थे। उन्होंने जन्म से ब्राह्मण होकर भी अनीति और अन्याय का नाश करने के लिए क्षात्र धर्म का परिपालन किया। वे भगवान-विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। वे मात्र एक योद्धा नहीं थे बल्कि महान शिक्षक भी थे। साहित्यकार बीडी लाल ने परशुराम को धर्म और न्याय का एक प्रतीक बताते हुए कहा कि वे हमें आततायी व्यवस्था के विरूद्ध निरंतर संघर्ष करने का संदेश देते हैं। उनका जन्म अहिंसक ब्राह्मण कुल में अवश्य हुआ था परंतु उन्होंने अत्याचार के विरूद्ध शस्त्र उठाने में संकोच नहीं किया। सहस्त्रार्जुन और राम-लक्ष्मण के बीच हुआ विवाद इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। विचारक ब्रह्माशंकर सिंह का कहना था कि भार्गव परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया को मनाया जाता है। यह तिथि पूजा, दान और अच्छे कार्य के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन किए गए पुण्य कार्यो का फल कभी समाप्त नहीं होता। भगवान परशुराम के कार्य और जीवन संपूर्ण मानवता के लिए अत्यंत प्रेरक हैं। शक्ति, ज्ञान और कौशल का प्रयोग हमें धर्म और समाज हित में करना चाहिए। पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय ने परशुराम को वैदिक संस्कृति का महान-प्रचारक बताया और



कहा कि उन्होंने भारत में कोंकण, गोवा, केरल सहित अनेक ग्राम भी बसाए। वे प्रकृति के सच्चे संरक्षक थे और वे उसे उसके मूल स्वरूप में सदैव जीवंत और हरीतिमा से आच्छादित देखना चाहते थे। कार्यक्रम को चन्द्रभूषण मिश्र ने भी संबोधित किया और रेणुकानंदन के कार्यों को संपूर्ण लोक समाज के लिए सर्वथा हितैषी व अनुकरणीय बताया। संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुन्दलाल साहू ने परशुराम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अनेक दोहे सुनाए। उन्हें शस्त्र विद्या का महान-शिक्षक बताया। कवयित्री आशा पांडेय ने उनके क्रोधी स्वभाव का विशेष रूप से वर्णन किया। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. माधुरी जायसवाल ने परशुराम की अमरता का बोध कराया। कवयित्री आशा मिश्रा ने अपनी कविता में परशुराम की तरह जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया। डॉ. उमेश पांडेय, कवि बंशीधर लाल, कवि चन्द्रभूषण मिश्र, अजय सागर और राजेन्द्रराज की कविताओं को भी सबने सराहा। आभार-ज्ञापन संस्था की उपाध्यक्ष आशा पांडेय ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद, तृषा, मदालसा गुप्ता एवं केशरवानी वैश्यसभा के उपाध्यक्ष मनीलाल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सरगुजा में बढ़ता हाथियों का आतंक, ग्रामीणों का आरोप वर्तमान मुआवजा प्रावधान अपर्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग में मानव-हाथी संघर्ष लगातार गंभीर होता जा रहा है। हाल ही में सूरजपुर जिले के कल्याणपुर निवासी केशव भोय की हाथियों के हमले में मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। वहीं घटना के 24 घंटे के भीतर ही घाघीटिकरा अखोरा में एक अन्य व्यक्ति पर हाथी द्वारा प्राणघातक हमला किए जाने से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा की भावना और गहरी हो गई है।

स्थानीय लोगों एवं सामाजिक संगठनों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे लापरवाही का परिणाम बताया है। उनका कहना है कि हाथियों की निगरानी, उनके आवागमन मार्गों की सुरक्षा तथा समय पर अलर्ट जारी करने जैसे जरूरी उपाय प्रभावी रूप से लागू नहीं किए जा रहे हैं। फॉरेस्ट रैपिड रिस्पांस टीम और टास्क फोर्स के गठन के बावजूद घटनाओं में कमी नहीं आ रही है।मृतक केशव भोय के परिजनों के लिए जन अधिकार परिषद छत्तीसगढ़ के संयोजक त्रिभुवन सिंह ने मांग की है कि परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए, बच्चों की शिक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन उठाए और कम से कम 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। साथ ही वन विभाग द्वारा तत्काल 6 लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग भी की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान मुआवजा प्रावधान अपर्याप्त हैं। मौत के मामले में लगभग 6 लाख रुपये, फसल नुकसान पर 9000 रुपये प्रति एकड़ और मकान क्षति पर 50 हजार की सहायता को वास्तविक नुकसान के मुकाबले बेहद कम बताया जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि फसल नुकसान का मुआवजा औसत उत्पादन मूल्य के आधार पर दिया जाए या फिर बीमा व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि सायरन, अर्ली वार्निंग सिस्टम, जीपीएस और ड्रोन निगरानी जैसी व्यवस्थाएं प्रभावी नहीं हैं और गांवों में जागरूकता अभियान भी नहीं चलाए जा रहे हैं, जिससे आए दिन जान-माल की हानि हो रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि केवल मुआवजा बढ़ाना पर्याप्त समाधान नहीं है, बल्कि हाथियों के मूवमेंट की वैज्ञानिक निगरानी, कॉरिडोर की सुरक्षा, और स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी के साथ ठोस रणनीति बनाना आवश्यक है। लगातार बढ़ती घटनाओं के बीच अब जरूरत है कि शासन-प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए दीर्घकालिक समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए।

## आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बच्चों के लिए प्रज्ञा योग इंट्यूशन क्लास का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल क्षेत्र में पहली बार आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वाधान में बच्चों के लिए प्रज्ञा योग यानि इंट्यूशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया,यह ऑफलाइन क्लास 15 से 18 अप्रैल तक आयोजित हुई, जिसमें बिश्रामपुर, सूरजपुर और अंबिकापुर के बच्चों ने हिस्सा लिया।



आयोजकों के अनुसार, वर्तमान समय में बच्चे अत्यधिक मोबाइल उपयोग, जंक फूड, गलत संगत, गुस्सा और अवसाद जैसी समस्याओं से प्रभावित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित की जा सके।यहां पर वरिष्ठ प्रशिक्षकों रूपा सिंह और राजेंद्र देवांगन ने बच्चों को इंट्यूशन अर्थात अंतर्ज्ञान विकसित करने के लिए विभिन्न अभ्यास कराए। कार्यक्रम के दौरान ब्लाइंडफोल्ड आंखों पर पट्टी बांधकर गतिविधियां कराई गईं, जिनमें बच्चों ने रंग पहचानना, अक्षर पहचानना और किताब पढ़ने जैसे अभ्यास किए। साथ ही योगासन और ध्यान के माध्यम से स्मरण शक्ति बढ़ाने और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर भी जोर दिया गया। आयोजकों का दावा है कि कोर्स के दौरान बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला। कई बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर गतिविधियों को सफलतापूर्वक किया, जिसे देखकर अभिभावक भी आश्चर्यचकित रह गए,इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई में फोकस बढ़ाने और नकारात्मक आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** ससुराल से लौट रहे बाइक सवार को ग्राम कोरजा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगरा निवासी सूर्य देव आ. सुभाष श्याम (25 वर्ष) गत दिन बाइक से अपने ससुराल ग्राम चैनपुर गया था। शाम को युवक वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम कोरजा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 5400 विद्यार्थियों ने की भागीदारी, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुआ। परीक्षा में जिले भर से 5 हजार 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



प्रावीण्य सूची के आधार पर कक्षा 5वीं से 12वीं तक के प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड, पुरस्कार राशि एवं साहित्य देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्लोबल पब्लिक स्कूल के केपी शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि केपी शर्मा ने अपने संबोधन में आचार्य श्रीराम शर्मा के जीवन दर्शन, उनके द्वारा बताए गए जीवन मूल्यों एवं गायत्री परिवार की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला समन्वयक शिव शंकर कुशवाहा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक कक्षा के अनुसार नाममात्र शुल्क लेकर पंजीयन कराया जाता है और प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर के साथ ही राज्य स्तर पर भी पुरस्कृत किया जाता है। जिले से कक्षा 8वीं में अध्ययनरत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय केरता की छात्रा कुमारी पूजा आ.राम नरेश का चयन राज्य स्तरीय सम्मान के लिए हुआ है, जिन्हें 25 अप्रैल को गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान चन्द्रशेखर साहू, विष्णु प्रजापति, गोपाल सिंह, हरिहर वर्मा, अवधेश गोयल, पवन कुमार गर्ग, लोचन प्रसाद गुप्ता, जवाहर राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

## धीमी नाली निर्माण को लेकर नगर वासियों में भारी आक्रोश

**राजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में धीमी नाली निर्माण से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा जगह जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे आये दिन सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है। धीमे नाली निर्माण से अब नगरवासियों के काफी रोष है। करोड़ो की लागत से अंबिकापुर से रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर निर्माण कार्य प्रारंभ है। शहर एवं बस्तियों में नाली का भी निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण राजपुर नगर में भी लगभग तीन किलोमीटर तहसील कार्यालय से लेकर गेयुर नदी तक किया जाना है। ठेकेदार द्वारा नगर में नाली का निर्माण तो कराया जा रहा है परंतु नाली निर्माण का कार्य धीमी गति से होने के कारण नगरवासी काफी परेशान हैं। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के लिए जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे सड़कों पर आवागमन काफी प्रभावित हो रहा है।

### बिजनेस साइट

## ऐसा बदलाव जो सही बैठे: बदलते मार्केट साइकिल के लिए नई उभरती रणनीतियां

**रायगढ़।** यह कहावत कि "बदलाव अच्छा होता है" सुनने में भले ही घिसी-पिटी लगे, लेकिन मार्केट रेगुलेटर का फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) स्कीमों को फिर से व्यवस्थित करने का फैसला काफी हद तक सही लगता है। इस संदर्भ में, थीमैटिक और हाइब्रिड फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) रणनीतियों का विकास, विकास की संभावनाओं और लचीलेपन के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक बड़े बदलाव को दिखाता है।



दीपक हेमानी
हेमानी कंसल्टेंसी, रायगढ़

परंपरागत रूप से, थीमैटिक निवेश का फोकस अलग-अलग सेक्टरों में मौजूद ढांचागत अवसरों को भुनाने पर रहा है। इसे डिजिटलीकरण, मैन्युफैक्चरिंग में बढ़ोतरी और उपभोग के बदलते तरीकों जैसे लंबे समय तक चलने वाले रुझानों से बढ़ावा मिला है। इक्विटी ऐसी रणनीतियों की नींव बनी हुई है, जिसमें सेक्टोरल और थीमैटिक रोटेशन रिटर्न दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि, बाजार की बदलती परिस्थितियों ने एक ज्यादा लचीले दृष्टिकोण की जरूरत को उजागर किया है, जो अलग-अलग साइकिल के हिसाब से खुद को ढाल सके।

इस विकास का एक रूप यह है कि पारंपरिक सेक्टोरल आवंटन के साथ-साथ, मार्केट-कैप-आधारित अवसरों, जैसे कि मिड-कैप और स्मॉल-कैप में निवेश को भी शामिल किया गया है। अवसरों का यह व्यापक दायरा पोर्टफोलियो को विकास के अलग-अलग सेक्टर्स में ज्यादा प्रभावी ढंग से हिस्सा लेने का मौका देता है, और साथ ही उनके मूल इक्विटी स्वरूप से भी कोई समझौता नहीं करता। इसके साथ ही, डेट और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स को शामिल करने से एक स्थिरता मिलती है, जो अनिश्चित दौर में बाजार के उतार-चढ़ाव को संभालने में मदद करती है।

यह बदलाव थीमैटिक निवेश के मूल तत्व को कमजोर नहीं करता, बल्कि उसे और मजबूत बनाता है। जहां पहले के दृष्टिकोणों में अक्सर इक्विटी का आवंटन बहुत ज्यादा होता था, वहीं अब ज्यादा विकसित स्ट्रक्चर्ड इक्विटी निवेश (आमतौर पर 65-80 फीसदी) और डेट निवेश (20-35 फीसदी) के बीच संतुलन बनाती हैं, और साथ में कुछ हिस्सा कैश के रूप में भी रखती हैं। यह मेल पोर्टफोलियो की सहनशीलता को बढ़ाता है, और साथ ही विकास की संभावनाओं को भी बनाए रखता है।

हालांकि, थीमैटिक निवेश में चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। बाजार का नेतृत्व अक्सर बदलता रहता है, जिस पर ब्याज दरें, महंगाई और नीतिगत साइकिल्स जैसे कारकों का असर पड़ता है। निवेशकों को निवेश के सही समय और व्यवहार से जुड़ी गलतियों से भी जूझना पड़ सकता हैय वे अक्सर किसी थीम में तब निवेश करते हैं जब उसमें पहले ही काफी तेजी आ चुकी होती है, और मंदी के दौर में उससे बाहर निकल जाते हैं। इसलिए, इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अनुशासित आवंटन, नियमित रीबैलेंस्ड और एक लंबी अवधि के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

इस संदर्भ में, एक स्ट्रक्चर्ड एफओएफ दृष्टिकोण एक व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत कर सकता है, जिसमें अलग-अलग थीमों में निवेश के विविधीकरण को प्रभावशाली एसेट आवंटन (पूर्व में थीमैटिक एडवांटेज एफओएफ) के साथ जोड़ा जाता है। इस अप्रोच का एक उदाहरण आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एग्रेसिव हाइब्रिड एक्टिव एफओएफ (पूर्व में थीमैटिक एडवांटेज एफओएफ) है, जो 1 अप्रैल, 2026 से, थीमैटिक और मार्केट-कैप अवसरों में इक्विटी को 65-80 फीसदी आवंटित करता है, जबकि स्थिरता के लिए 20-35 फीसदी डेट में बनाए रखता है। दिसंबर, 2003 में लॉन्च हुए इस फंड ने 31 मार्च, 2026 तक, फंड ने 3-वर्षीय सीएजीआर 15.11 फीसदी, 5-वर्षीय सीएजीआर 14.91 फीसदी और 10-वर्षीय सीएजीआर 14.47 फीसदी दर्ज किया है।

खबर संक्षेप

### त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु सभी वर्ग के विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया था। विद्यार्थी द्वारा आवेदन करने में यदि कोई त्रुटि हुई है तो 21 अप्रैल तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सारंगढ़ कोसीर रोड कालेज के पास कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर त्रुटि सुधार किया जा सकता है। 21 अप्रैल के बाद त्रुटि सुधार के लिए मौका नहीं मिलेगा और आवेदन निरस्त पर समस्त जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी।

### आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल

**सारंगढ़।** युवाओं के उच्च शिक्षा के विभिन्न कोर्स के प्रवेश परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट व्यापम सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। प्रीबीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। इसके लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

### 177 प्रकरण में 2 लाख 23 हजार का जुर्माना

**सारंगढ़।** ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले और सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े किए वाहनों, नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर विगत 28 मार्च से 18 अप्रैल तक यातायात दल द्वारा लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई जिसमें लगभग 177 प्रकरण दर्ज कर 2 लाख 23 हजार 900 रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। इस कार्य में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक जितेन्द्र चन्द्रा, उप निरीक्षक समेलाल सोनवानी, प्रधान आरक्षक श्याम प्रधान, मुकेश साहू, आरक्षक अक्षय रात्रे और सनसाई तिग्गा आदि शामिल थे। दल के कार्य से साबित हो रहा है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में यातायात नियमों का पालन करें या जुर्माना के लिए तैयार रहें।

### अंडोला में जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

**सारंगढ़।** केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप प्रशासन गांव की ओर थीम पर सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम अंडोला विगत दिवस जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे और जिला पंचायत सदस्य लता लक्षमे, संतोषी खटकर और अन्य जनप्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली। शिविर में मांग के 162 और शिकायत के 2 आवेदन की प्राप्ति हुई जिसमें मौके पर 87 आवेदन निराकृत किया गया और 77 आवेदन प्रगति पर है। शिविर में जिला स्तर के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पत्रकार महा कल्याण संघ जिलाध्यक्ष ने की निंदा

**सरसींवा।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय के कृषि विभाग में घटित हालिया घटना को लेकर स्थानीय लोगों से लेकर पत्रकारों में आक्रोश है। पीएम किसान सम्मान निधि की जानकारी लेने गए वकील और पत्रकार से मारपीट जैसी घटना बेहद निंदनीय है। एक अधिवक्ता अपनी माता की लंबित किसान सम्मान निधि की समस्या को लेकर विधिवत आवेदन देने पहुंचे। उनके साथ एक पत्रकार मौजूद थे जो जनहित के इस मुद्दे को समझना चाहते थे। पहले उप संचालक कृषि से मुलाकात किया गया। वहां से संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी के पास भेजा गया। सब कुछ सामान्य प्रक्रिया के तहत हुआ, लेकिन अचानक जिस तरह से कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण पटेल का आचरण उग्र और हिंसक हो गया, वह न केवल अनुशासनहीनता, बल्कि पद के दुरुपयोग का ज्वलंत उदाहरण है। गंभीर आरोप यह है कि उप संचालक कृषि की मौजूदगी में पीड़ितों को कार्यालय से बाहर जाने से रोका गया, अर्थात कथित रूप से बंधक बनाने जैसा कृत्य।

## सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर समीक्षा, गांवों के क्लस्टर बनाने के निर्देश

# जनसमस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन, जनसमस्या निवारण शिविर, पीजीएन एवं पीजी पोर्टल में दर्ज सभी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आगामी 1 मई से 10 जून तक आयोजित होने वाले प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों के सुचारू संचालन के लिए 10 से 15 गांवों के क्लस्टर बनाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

कलेक्टर ने राज्य शासन की प्राथमिकता वाली महतारी वंदन योजना की ईकेवाईसी की प्रगति की भी गहन समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में 2 लाख 81 हजार 135 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 1 लाख 24 हजार 449 हितग्राहियों के बैंक खातों का ई केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष हितग्राहियों का ई केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को देखते हुए कलेक्टर ने जिले में पेयजल संकट के स्थायी समाधान हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ से ग्रामवार शासकीय जल स्त्रोतों, हैंडपंप एवं कुओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि हैंडपंप तकनीशियनों के संपर्क नंबर जनपद स्तर एवं स्वयं के पास उपलब्ध रखें, ताकि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके।



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

### निर्माण स्थलों पर पानी और ओआरएस पैकेट जरूरी

निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों को कार्यस्थलों पर पेयजल, ओआरएस पैकेट, छाया एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जल संचय एवं जनभागीदारी पोर्टल, ईएसआईसी अस्पताल की सुविधाएं, औद्योगिक श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बंदियों को विधिक सहायता, भू.अभिलेख अद्यतन, एफआर, नामांतरण, पीएम गतिशक्ति योजना, आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी पंजीयन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### निर्माण की धीमी प्रगति से नाराज हुए कलेक्टर

बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक लंबित मामलों वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधोसंरचना विकास से जुड़े प्रस्तावों, विशेषकर सड़क निर्माण एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि प्रस्ताव तैयार करते समय क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान प्रस्तुत किए जाएं।



## निस्तारी जल की समस्या खत्म, नपं ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

निस्तारी जल समस्या को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद नगर पंचायत हरकत में आई और तालाब की साफ सफाई प्रारंभ कर दी है। अब स्थानीय निवासियों में उम्मीद जागी है कि बोकाबंध तालाब का जीर्णोद्धार होगा। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में तालाब के दूषित पानी से निस्तारी संबंधी खबर को प्रमुखता के साथ दिखाए जाने के बाद नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया और 18 अप्रैल से तालाब की साफ सफाई प्रारंभ कर दी है।

- तालाब की साफ सफाई का कार्य प्रारंभ
- खबर का असर बोकाबंध तालाब की साफ सफाई प्रारंभ

इससे वार्ड वासियों में उम्मीद जागी है कि अब निस्तारी की समस्या दूर होगी। बता दें कि नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 के रहवासियों को निस्तारी के लिए बोकाबंध तालाब पर निर्भर रहना पड़ता है। यहां विगत तीन माह से तालाब में दूषित पानी एवं प्रदूषण होने के कारण लोगों को निस्तारी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसके लिए स्थानीय महिलाओं ने नगर पंचायत पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन दिया और मांग किया कि शीघ्र ही तालाब की साफ सफाई एवं दूषित पानी को निकालने के साथ स्वच्छ पानी भरने की मांग किया था। जिस पर नगर पंचायत प्रशासन उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए रविवार से ही तालाब की साफ सफाई प्रारंभ करवा दी है।

इस संबंध में मौके पर मौजूद समाजसेवी मोहन पटेल ने अपने बयान में कहा कि वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 के वाशिंदों को निस्तारी जल की समस्या से जूझना पड़ रहा था। दूषित जल से निस्तारी करने को मजबूर थे। इसके कारण भयंकर महामारी अथवा संक्रमण फैलने की प्रबल संभावना था। यहां के जागरूक महिलाओं ने तालाब की साफ सफाई एवं स्वच्छ जल की मांग किए थे। जिस पर नगर पंचायत प्रशासन नागरिकों के मांग को गंभीरता से लिया और कार्य प्रारंभ करवा दिया है। मोहन पटेल ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग किया है कि जिस तरह से बोकाबंध तालाब की साफ सफाई की जा रही है।

## 99.8 फीसदी अंक के साथ प्रदेश में आद्यशा अव्वल, कलेक्टर ने किया सम्मान



**रायगढ़।** जिले की होनहार छात्रा आद्यशा परिडा ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 99.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया है, बल्कि अपनी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर भी रायगढ़ का मान बढ़ाया है।

सोमवार को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आद्यशा परिडा को अपने चेम्बर में आमंत्रित कर सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर ने छात्रा के माता पिता से भी मुलाकात कर उन्हें बधाई दी तथा उनके सहयोग और मार्गदर्शन की प्रशंसा की। डीएवी पब्लिक स्कूल, एसईसीएल छाल की छात्रा आद्यशा ने बताया कि वह कक्षा 11वीं में बायो मैथ्स विषय लेकर आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं और उनका लक्ष्य जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में प्रवेश लेना है। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है और मेहनत, निष्ठा एवं समर्पण से किया गया प्रयास निश्चित ही सफलता दिलाता है।

## पुलिस का जन जागरूकता अभियान साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर परिसर में 18 अप्रैल को पुलिस द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। चौपाल आधारित पुलिसिंग के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में साइबर ठगी, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा यातायात नियम और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान जैसे अहम मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग बेसिक पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

रायगढ़ पुलिस अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था के साथ जन जागरूकता के जरिए लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है और पुलिस.जन संवाद को मजबूत बनाया जा रहा है। इस दौरान एलईडी स्क्रीन पर खौफदूद डिजिटल वार, कजरी, कोटपा और यातना जैसी जागरूकता फिल्मों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को विभिन्न अपराधों के प्रति सचेत किया गया। साइबर ठगी सबसे बड़ी चुनौतीरू डिजिटल अरेस्ट केस में बेंगलुरु से हुई गिरफ्तारी एसएसपी शशि मोहन सिंह ने साइबर अपराध को वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने पुसौर क्षेत्र में एक रिटायर्ड शिक्षक के साथ हुई डिजिटल अरेस्ट ठगी का जिक्र करते हुए कहा कि रायगढ़ पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई कर बेंगलुरु से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



### यातायात नियमों के पालन की अपील

पुसौर क्षेत्र हाईवे से जुड़ा होने के कारण दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है। इस पर एसएसपी ने वाहन चालकों से गति नियंत्रणए हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने और शराब सेवन के बाद वाहन न चलाने की अपील की।

### विधानसभा युवा कांग्रेस के प्रभात बने अध्यक्ष



**तमनार।** लैलूंगा विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर प्रभात पटनायक की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति अमित सिंह पठानिया, मोनिका मंडरे, आकाश शर्मा तथा राकेश पांडे की सहमति से एवं जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के अनुमोदन पर की गई। इस नियुक्ति में जिले के वरिष्ठ नेताओं का भी विशेष योगदान और आशीर्वाद रहा, जिसमें उमेश पटेल, नागेंद्र नेगी सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजनों का मार्गदर्शन शामिल रहा। प्रभात पटनायक का राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ। वे पहले में जिला महासचिव रह चुके हैं और युवा कांग्रेस में विधानसभा उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। तमनार क्षेत्र में उनकी पहचान एक मजबूत और सक्रिय युवा नेता के रूप में है। उनके नेतृत्व में तमनार क्षेत्र, जिसे लंबे समय से भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है, वहां युवाओं का रुझान तेजी से कांग्रेस की ओर बढ़ा है।

## अभियंता भवन में अखिल भारतीय आरण्यक ब्राम्हण समाज की बैठक

**पुसौर।** वर्ष 1926 से स्थापित अखिल भारतीय आरण्यक ब्राम्हण समाज इन दिनों अपने प्रत्येक महा अंचल में समाज के लोगों को संगठित करने लगातार एक परिवारिक माहौल में बैठकें आहुत कर रही है जिसे लगभग एक वर्ष हो चुके हैं इसी कड़ी में रायगढ़ महा अंचल जिसमें लैलूंगा और लोईंग अंचल भी शामिल है का बैठक रायगढ के डिग्री कालेज के पास स्थित इंजीनियर भवन में संपन्न हुआ।

बैठक रायगढ़ महा अंचल के प्रमुख पदाधिकारियों में सेवा निवृत्त शिक्षक सूर्य कुमार पंडा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र पाणिग्राही, सेवा निवृत्त ए एस आई फकीर पाणिग्राही त्रिलोकी पुजारी, निर्मल पुजारी शरद पुरोहित, अधिवक्ता अमरेन्दु पंडा आदि के अगुवाई व व्यवस्था में ठीक 10 बजे प्रारंभ हुआ जहां मंच संचालक अश्विनी पंडा एवं श्रीमती ज्योत्ना पंडा के आवाहन पर प्रथम पंक्ति में समाज के सभापति व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, वरिष्ठ पदाधिकारी, समाज के संरक्षक पंचानन पंडा व कीर्तन सुपकार विराजमान हुए वहीं दुसरे पंक्ति में सुर्यकुमार पंडा, दिलीप पाढी, प्रदीप पुरोहित बैठे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ एवं परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुजा अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात बैठक कार्यक्रम में शामिल रायगढ़ इकाई के 60 परिवारों का परिचय कार्यक्रम हुआ जिसमें इन परिवारों के बच्चे व महिलायें भी शामिल रहे। इसी कड़ी में समाज के 14 मेधावी छात्रों एवं 8 वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। वहीं समाज के विशेष उपलब्धि हासिल व्यक्तित्वों यथा डिग्री कालेज के प्राचार्य अनिल कुमार पाणिग्राही, रायगढ़ इस्पात के डायरेक्टर सुनील पंडा, भारतीय स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक रहे अजय कुमार पंडा का भी सम्मान हुआ। उद्बोधन के दौर में कीर्तन सुपकार, छन्दाचरण पाणिग्राही, सुरेन्द्र पाणिग्राही, फकीर पाणिग्राही सहित अन्य कई लोग शामिल रहे। वहीं अंत में मुख्य अतिथि की आसंदी से जगन्नाथ पाणिग्राही ने समाज की एकता और विकास के लिये वृहद रूप से उदबोधन प्रस्तुत किये जिसमें इन्होंने कहा कि हम ब्राम्हण समाज के युवा पीढी को अपनी योग्यता और अधिक विकसित करना है जो कर्मकांड के क्षेत्र में हैं उन्हें भी और जो अन्य मुकाम हासिल करना चाहते हैं।



## नारी सम्मान पर सियासत, केंद्र सरकार पर कांग्रेस का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिला आरक्षण को लेकर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। विपक्ष केन्द्र सरकार की नीतियों का विरोध कर रहा है। वहीं सत्ता पक्ष भी प्रदेश भर में विपक्ष के खिलाफ अभियान चालू कर दिया है। सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी व शहर अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व में पत्रकार वार्ता रखा गया था।

- जिला अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी और शाखा यादव ने की प्रेस से चर्चा

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश की महिलाएं अब सब कुछ देख और समझ रही हैं। कौन उनके सम्मान की बात करता है और कौन उसे ठेस पहुँचाता है। पार्टी का आरोप है कि सत्ता में बैठे लोग एक ओर नारी शक्ति की बातें करते हैं तो दूसरी ओर सार्वजनिक मंचों से ऐसी भाषा और टिप्पणियाँ करते हैं जो महिलाओं के आत्मसम्मान को चोट पहुँचाती हैं। कांग्रेस ने कहा कि जब एक शीर्ष महिला नेता को कांग्रेस की विधवा कहा जाता है, जब एक विवाहित महिला के लिए 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड जैसी भाषा इस्तेमाल होती है, जब एक महिला सांसद की तुलना सूर्पनखा से की जाती है जब एक महिला मुख्यमंत्री का मजाक उड़ाया जाता है। कांग्रेस का कहना है कि देश की हर महिला इन बातों को याद रखती है और समझती है कि असल सम्मान क्या होता है। शहर अध्यक्ष शाखा यादव ने भी तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि जिनके दामन पर पहले से ही महिला उत्पीड़न और विवादित घटनाओं के आरोप लगे हों वे आज महिला सशक्तिकरण का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने प्रज्वल रेवन्ना जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दोहरा चरित्र अब छिपा नहीं है। पार्टी का कहना है कि महिला आरक्षण जैसे गंभीर और ऐतिहासिक विषय के पीछे भी राजनीतिक साजिश की बू आती है और यह केवल अधिकार देने का नहीं बल्कि सत्ता के समीकरण बदलने का प्रयास प्रतीत होता है।




## भगवान परशुराम की निकली ऐतिहासिक शोभा यात्रा

**रायगढ़।** ब्राम्हणों के आराध्य देव भगवान परशुराम जी की जयंती को अक्षय तृतीया महापर्व के दिन ब्राम्हण समाज के लोग श्रद्धा व उत्साह के साथ पूरे देश व विदेश में भी यादगार ढंग से मनाते हैं। आज अक्षय तृतीया महापर्व के दिन शहर के ब्राम्हण सेवा समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, मारवाड़ी महिला ब्राह्मण समिति अध्यक्ष श्रीमती मीरा विजय वीरभान शर्मा के सानिध्य में भगवान परशुराम जी की जयंती को ऐतिहासिक एवं यादगार ढंग से मनाया जिसमें सर्व ब्राम्हण समाज के लोग बड़ी श्रद्धा से शामिल हुए।

सुबह मंदिर में हुई पूजा शहर के घड़ी चौक स्थित भगवान परशुराम मंदिर ब्राह्मण समाज के लोगों ने अक्षय तृतीया महापर्व की खुशी में सुबह 9 बजे पूजा अर्चना व हवन यज्ञ का कार्यक्रम रखा और उपस्थित सभी लोगों ने भगवान परशुराम जी का श्रृंगार कर पूजा अर्चना किए। इसके पश्चात हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। सुबह पूजा अर्चना व हवन यज्ञ के धार्मिक कार्यक्रम के बाद शहर के ब्राम्हण सेवा समिति व सर्व ब्राम्हण समाज के श्रद्धालुओं ने भव्य बाजे-गाजे आतिशबाजी व मधुर गीत के साथ रथ में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा स्थापित कर जीवंत मनभावन झांकी डीजे, कर्मा पार्टी के साथ ऐतिहासिक शोभा यात्रा शाम पांच बजे निकाली।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त